1	2	3	4	5
	Betamethasone Alcohol . . .	gm.	113.34	144.19 (2-1-89)
	Betamethasone 17 valerate . . .	„	105.85	136.58 (2-1-89)
	Betamethasone D-Sodium Phosphate	„	126.23	144.58 (2-1-89)
5	Dexamethasone Pure	„	51.30	66.51 (14-12-88)
	Dexamethasone 21-Phosphate . . .	„	55.10	80.88 (14-12-88)
6	Glybenclamide	Kg.	2458.00 (17-11-83)	Price decontrolled

Import of Petro-Chemicals

2436. SHRI SHIV PRATAP MISHRA : Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) what is the amount of foreign exchange spent on import of petrochemicals during the years 1986, 1987, 1988 and so far during 1989; and

(b) what steps are being taken to reduce the imports ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF CHEMICALS AND PETROCHEMICALS IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. NAMGYAL) : (a) As the import of petrochemicals is not centralised, precise figures of foreign exchange expenditure incurred on such imports are not available. It is however, estimated that the import bill for petrochemicals has progressively gone up from around Rs. 400 crores in 1986-87 to around Rs. 1000 crores in 1988-89.

(b) Additional capacities for the manufacture of various petrochemicals have been approved and are in the process of being established. This is a continuous process.

मध्य प्रदेश में खाना पकाने की गैस की सुविधा

2437. श्री अजीत जोगी :

कुमारी सईदा खातून :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय मध्य प्रदेश में कितने व्यक्ति एल०पी०जी० कनैक्शन की प्रतीक्षा सूची में हैं ;

(ख) इन व्यक्तियों को एल०पी०जी० कनेक्शन कब तक उपलब्ध करा दिये जाने की संभावना है ; और

(ग) मध्य प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में एल०पी०जी० की सुविधा कब तक उपलब्ध करा दी जाएगी ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) 1 जुलाई, 1989 को मध्य प्रदेश में नये एल पी जी कनेक्शनों के लिए प्रतीक्षा

सूची में लगभग 2.41 लाख व्यक्ति दर्ज थे।

(ख) तेल उद्योग द्वारा मध्य प्रदेश सहित पूरे देश में उपभोक्ताओं के नामांकन के अपने वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत चरणबद्ध रूप से नये एल पी जी कनेक्शन जारी करने का काम किया जाता है बशर्ते कि एल पी जी की उपलब्धता में वृद्धि हो।

(ग) तेल उद्योग आमतौर पर मध्य प्रदेश सहित पूरे देश के उन कस्बों/शहरों को चरणबद्ध रूप से ले रहा है जिनकी जनसंख्या लगभग 20,000 या इससे अधिक (1981 की जनगणना के अनुसार) है, बशर्ते कि वहां एल पी जी के व्यवहार्य विपणन के लिए पर्याप्त तत्व मौजूद हों।

मध्य प्रदेश में कोयला भंडारों का दोहन

2438. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी सईदा खातून :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में कोयले के विपुल भण्डार के दोहन के लिए कोई दूरगामी योजना बनाई गई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस उद्देश्य के लिए कितनी धनराशि विनिर्दिष्ट की गई है तथा इसके द्वारा कितने व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है?

ऊर्जा मंत्रालय में कोयला विभाग में राज्य मंत्री (श्री सी.के. जाफर शरीफ): (क) से (ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि के लिए मध्य प्रदेश में कोयले के उत्पादन को अस्थायी तौर पर लगभग 83.90 मि० टन प्रक्षिप्त किया गया है। विद्यमान खानों और मंजूर परियोजनाओं के अंशदान के अलावा मध्य प्रदेश में 8वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि के दौरान विकसित किए जाने के लिए कई नई परियोजनाओं को विनिर्दिष्ट भी किया है। आठवीं योजना की अवधि के लिए मध्य प्रदेश में विकसित किए जाने वाली विनिर्दिष्ट की गई नई परियोजनाओं के लिए राशि के निवेश की आवश्यकता लगभग 580 करोड़ रु० होगी। स्थानीय लोगों को उपलब्ध संभावित नियोजन की संख्या और उसके स्वरूप की स्थिति विशिष्ट परियोजनाओं की वास्तविक आवश्यकता पर निर्भर करेगी।

नई परियोजनाओं में अकुशल और अर्ध-कुशल श्रेणियों में उपलब्ध होने वाले रोजगारों को तरजीह आधार पर भूमि-वंचित विस्थापित परिवारों को दिया जाता है।

कोरबा विद्युत संयंत्र से राज्यों द्वारा किये गये विद्युत उपयोग का औसत

2439. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी सईदा खातून :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोरबा विद्युत संयंत्र द्वारा उत्पादित विद्युत का उपयोग किन-किन राज्यों द्वारा तथा किस अनुपात से किया जा रहा है; और

(ख) इसमें से मध्य प्रदेश का हिस्सा कितना है?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय): (क) और (ख) पश्चिमी क्षेत्र में अप्रैल-जून, 1989 की अवधि के दौरान कोरबा